# समाचार
# वृक्षमित्र अभियान
# कबीरबाग कोसाबाड़ी में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम
## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया पौधों का रोपण)



कोरबा 10 अगस्त 2017 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के वृक्षमित्र अभियान के तहत आज मानिकपुरी पनिका समाज के कबीरबाग कोसाबाड़ी में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए पौधों का रोपण किया।

वृक्षमित्र अभियान के अंतर्गत आज निगम के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत स्थित कबीरबाग में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। उन्होने कबीरदास जी के तैलचित्र पर पुष्पमाला का अर्पण किया तथा नगर के अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे, उनके साथ उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं मानिकपुरी विकास समिति के सदस्यों ने भी वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्षारोपण का कार्य पुण्य का कार्य है, पेड़–पौधों से ही प्राणी मात्र का जीवन पलता है, आज जो पेड़ लगाए जा रहे हैं वे आगामी पीढ़ियों के लोगों के भी काम आएंगे, पेड़–पौधे कितने महत्वपूर्ण हैं यह किसी से छिपा नहीं है तथा मनुष्य के जीवन में इनका कितना महत्व है इस बात से सभी अवगत हैं, अतः अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाए जाने चाहिए। उन्होने कहा कि वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निगम ने वृक्षमित्र अभियान प्रारंभ किया है, जिसके तहत निगम इच्छुक व्यक्तियों व संस्थाओं को निःशुल्क पौधे उपलब्ध करा रहा है।

कार्यकम के दौरान पूर्व सभापति संतोष राठौर, पार्षद गीता महंत, समाज सेविका मंगल बुधिया, संतोष दास, गौतम दीवान, अतुलदास, सुनील मानिकपुरी, गोकुल महंत, विष्णु महंत, दिनेश पनरिया, परमानंद महंत, आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।